<u>अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न</u>

<u>प्रश्न</u>: सामग्री की आपूर्ति कहाँ से की जाएगी?

उत्तरः थोक उत्पादकों की शर्तों के अनुसार सामग्री की आपूर्ति स्टॉकयार्ड या संयंत्र से की जाएगी।

<u>प्रश्न</u>: एनएसआईसी द्वारा कौन सी सामग्री का वितरण किया जा रहा है?

उत्तरः एनएसआईसी निम्नलिखित सामग्री का वितरण करता है।

एल्युमीनियम-	नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को)
आयरन एंड स्टील-	सेल, आरआईएनएल, एएमएनएस,
स्टेनलेस स्टील-	जिंदल स्टेनलेस स्टीलवे लिमिटेड
पैराफिन वैक्स-	चेन्नई पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (सीपीसीएल) (दक्षिणी राज्य)
कोयला-	कोल इंडिया लिमिटेड (ओडिशा)
बिटुमेन-	एआईसीएल
सीमेंट-	एसीसी/डालमिया/अंबुजा
जिंक-	इंदु कॉर्पोरेशन

नोट: आपूर्तिकर्ता (ओं) और सामग्री/माल में परिवर्तन किया जा सकता है।

<u>प्रश्न</u>: कच्चा माल योजना में, सामग्री प्राप्त करने के लिए क्या विकल्प उपलब्ध हैं?

उत्तरः कच्चे माल वितरण योजना के तहत, एमएसएमई या तो अग्रिम भुगतान के सापेक्ष सामग्री खरीद सकता है या एनएसआईसी की बीजी योजना के सापेक्ष आरएमए के तहत क्रेडिट सुविधा का लाभ उठा सकता है।

<u>प्रश्न:</u> अग्रिम भुगतान के सापेक्ष कच्चे माल वितरण के तहत सामग्री खरीदने के लिए किन-किन दस्तावेजों की आवश्यकता होती है?

उत्तरः एमएसएमई को एनएसआईसी से कच्चा माल खरीदने के लिए निम्नलिखित दस्तावेजों की आवश्यकता होती है-

i) इकाई का आवेदन पत्र/अनुरोध पत्र।

ii) उद्यम पंजीकरण की स्वप्रमाणित प्रति।

iii) पैन/टिन और जीएसटी के प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित प्रति।

iv) नवीनतम बिजली बिल की स्वप्रमाणित प्रति।

v) नवीनतम लेखापरीक्षित तुलन-पत्र (बैलेंस शीट) की स्वप्रमाणित प्रति।

vi) कोई अन्य, यदि आवश्यक हो।

<u>प्रश्न</u>: यदि इकाई एनएसआईसी के माध्यम से सामग्री खरीदती है तो उसे क्या लाभ होगा?

उत्तरः यदि कोई इकाई एनएसआईसी के माध्यम से सामग्री खरीदती है, तो इकाई को उपलब्ध अन्य छूटों के अलावा थोक मात्रा और उच्च स्लैब वाली छूट मिलती है।

<u>प्रश्न</u>: सामग्री की डिलीवरी में सामान्य तौर पर कितना समय लगता है?

उत्तरः उत्पादकों से प्रस्ताव प्राप्त करने, इसकी स्वीकृति और इकाई द्वारा भुगतान के बाद, एनएसआईसी तुरंत सामग्री की डिलीवरी की सुविधा प्रदान करता है।

<u>प्रश्न</u> एनएसआईसी द्वारा सामग्री का वितरण कैसे किया जाता है?

उत्तरः मुख्य उत्पादक शाखा कार्यालय को प्रस्ताव भेजते हैं। आवश्यक सामग्री, दर और टन-भार के बारे में जानकारी शाखा के अंतर्गत सभी एमएसएमई इकाइयों को ईमेल/फोन के माध्यम से भेजकर प्रसारित की जाती है। इकाई को अनुरोध पत्र के साथ वित्तीय व्यवस्था भी करनी होगी।

<u>प्रश्न</u>. क्या एनएसआईसी सामग्री के वितरण पर कोई सेवा शुल्क प्रभारित करता है?

उत्तरः सामग्री के वितरण पर एनएसआईसी द्वारा सामग्री की मूल कीमत का 0.25%* की दर से न्यूनतम सेवा शुल्क प्रभारित किया जाता है।

**कभी भी बदलाव किया जा सकता है।*

<u>प्रश्न</u> सामग्री की आपूर्ति कहाँ से की जाएगी?

उत्तरः थोक उत्पादकों की शर्तों के अनुसार सामग्री की आपूर्ति स्टॉकयार्ड या संयंत्र से की जाएगी।

<u>प्रश्न</u> डाइरेक्ट डिस्पैच बेसिस/सीधे प्रेषण आधार (वैगन बुकिंग) पर खरीद की कार्यप्रणाली क्या है?

उत्तरः एमएसएमई से प्री-फाइनेंस अरेंजमेंट (पीएफए) प्राप्त होने पर, एनएसआईसी सीधे प्रेषण बुकिंग के तहत सामग्री बुक करता है। निर्माता से दस्तावेज़ प्राप्त होने पर,

उन्हें प्राप्तकर्ता इकाई को पृष्ठांकित/सूचित किया जाता है तथा इकाई सीधे रेलवे साइडिंग से अपनी सामग्री उठा लेती है।

<u>प्रश्न</u> एनएसआईसी के माध्यम से सामग्री खरीदने से एमएसएमई को और क्या अतिरिक्त लाभ मिलेगा, जो निर्माता के माध्यम से उपलब्ध नहीं हैं?

उत्तरः

1) उचित मूल्य पर अपेक्षित मात्रा में सामग्री की आपूर्ति की जाती है।
2) थोक आपूर्तिकर्ता व्यवस्था के तहत प्राप्त छूट को एमएसएमई के साथ साझा किया जाता है।
3) नाममात्र सेवा शुल्क लगाया जाता है।

<u>प्रश्न</u> एमएसएमई को चालान/इनवॉइस कौन जारी करेगा?

उत्तर एनएसआईसी संबधित एमएसएमई को एक चालान/इनवॉइस जारी करेगा।